**FORM A**

**PUBLIC ANNOUNCEMENT**

(Under Regulation 6 of the Insolvency and Bankruptcy Board of India (Insolvency Resolution Process for Corporate Persons) Regulations, 2016)

FOR THE ATTENTION OF THE CREDITORS OF

**STAR LAMIPACKS PRIVATE LIMITED**

| **RELEVANT PARTICULARS** | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of corporate debtor | Star Lamipacks Private Limited |
| 2. | Date of incorporation of corporate debtor | 31/07/2008 |
| 3. | Authority under which corporate debtor is incorporated / registered | ROC Gwalior |
| 4. | Corporate Identity No. / Limited Liability Identification No. of corporate debtor | U25202MP2008PTC020993 |
| 5. | Address of the registered office and principal office (if any) of corporate debtor | C/o Onkarlal Gupta, Chiteraoli Meat Gali, Lashkar, Gwalior, Madhya Pradesh, India, 474001 |
| 6. | Insolvency commencement date in respect of corporate debtor | 04/04/2024 (Order received on 15/04/2024) |
| 7. | Estimated date of closure of insolvency resolution process | 12/10/2024 |
| 8. | Name and registration number of the insolvency professional acting as interim resolution professional | Nishant Agrawal<br>Reg. No.: IBBI/IPA-001/IP-P-02100/ 2020-21/13283 |
| 9. | Address and e-mail of the interim resolution professional, as registered with the Board | Address: 405, Amar Residency, Survey No. 1264/1/2, Eastern Ring Road, Gram Khajrana, Near Mayur Hospital, Indore, Madhya Pradesh ,452016<br>Email: nishantagrawalca@gmail.com |
| 10. | Address and e-mail to be used for correspondence with the interim resolution professional | Address: AS-2, P-Plaza, 345, Alok Nagar, Opposite Maruti Nexa Service, Near Green Valley Apartments, Kanadiya Road, Indore, Madhya Pradesh- 452016<br>Email: ip.starlamipacks@gmail.com |
| 11. | Last date for submission of claims | 29/04/2024 |
| 12. | Classes of creditors, if any, under clause (b) of sub-section (6A) of section 21, ascertained by the interim resolution professional | Based on limited information, there is no class of creditors u/s 21(6A) (b) of IBC, 2016 |
| 13. | Names of Insolvency Professionals identified to act as Authorised Representative of creditors in a class (Three names for each class) | NA |
| 14. | (a) Relevant Forms and<br>(b) Details of authorized representatives are available at: | (a) Web link: The relevant form can be downloaded from https://ibbi.gov.in/en/home/downloads<br>(b) Physical address: Not applicable |

Notice is hereby given that the National Company Law Tribunal, Indore has ordered the commencement of a Corporate Insolvency Resolution Process of **Star Lamipacks Private Limited** on 04/04/2024 (Order received on 15/04/2024).

The creditors of **Star Lamipacks Private Limited** are hereby called upon to submit their claims with proof on or before 29/04/2024 (Being 14 days from 15/04/2024 i.e. the date of receipt of the said order of Hon'ble NCLT, Indore by IRP) to the interim resolution professional at the address mentioned against entry No. 10.

The financial creditors shall submit their claims with proof by electronic means only. All other creditors may submit the claims with proof in person, by post or by electronic means.

A financial creditor belonging to a class, as listed against the entry No. 12, shall indicate its choice of authorized representative from among the three insolvency professionals listed against entry No.13 to act as authorized representative of the class in Form CA. – Not Applicable

**Submission of false or misleading proofs of claim shall attract penalties**.

Date :**17/04/2024**
Place: **Indore**




**Nishant Agrawal**
**Interim Resolution Professional**
**Star Lamipacks Private Limited**
Reg. No. IBBI/IPA-001/IP-P-02100/ 2020-21/13283

# दावा : कांग्रेस का हाथ बदलेगा हालात

**कांग्रेस प्रवक्ता प्रियंका शर्मा व कांग्रेस जिलाध्यक्ष डा. शर्मा की पत्रकारों से बातचीत**

**नवभारत न्यूज**
**ग्वलियर, 16 अप्रैल।** केन्द्र में कांग्रेस की सरकार बनने पर हर हाथ को काम देने और देशवासियों को खुशहाल बनाने के लिए प्राथमिकता पर काम होगा। कांग्रेस का हाथ अब देश के हालात बदलेगा और जो कांग्रेस के घोषणा पत्र में गारंटी दी गई है, उस पर शत प्रतिशत काम होगा। उक्त उदगार आज जिला कांग्रेस अध्यक्ष डा देवेन्द्र शर्मा व पीसीसी प्रवक्ता प्रियंका शर्मा ने व्यक्त किये।



डा देवेन्द्र शर्मा और प्रियंका शर्मा ने कांग्रेस कार्यालय में पत्रकारों से चर्चा में कहा कि देश में जबरदस्त बदलाव की लहर है और हम कह सकते हैं कि कांग्रेस की सरकार शत प्रतिशत बनेगी। उन्होने कहा कि कांग्रेस की सरकार बनने पर देश में हर वह काम किये जायेंगे जिससे आम लोगों की समस्याएं खत्म हो और उन्हें रोटी रोजगार मुहैया हो सके। डा शर्मा व प्रदेश प्रवक्ता प्रियंका शर्मा ने कहा कि कांग्रेस का विजन क्लियर है और हम युवा , नारी , किसान, श्रमिक और आम लोगों की हिस्सेदारी न्याय पर काम करेंगे। उन्होंने कहा कि हम कांग्रेस जुमलेवाजी नहीं करती बल्कि कांग्रेस जमीनी स्तर पर कार्य करती है। उन्होने कहा कि भारत आज प्रगति के पथ पर है वह सब कांग्रेस की जनहितकारी योजनाओं से ही संभव हुआ है।

इस मौके पर प्रदेश प्रवक्ता आरपी सिंह, राम पांडे, जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रभुदयाल जौहरे, जोनल वार रूम प्रभारी योगेन्द्र तोमर, हरेन्द्र गुर्जर, जयराज सिंह चौहान, रश्मि पवार शर्मा, महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष मीनू परिहार आदि भी उपस्थित थे। इन सभी ने भी घोषणा पत्र पर अपनी बात रखी।

# कांग्रेस प्रत्याशी प्रवीण पाठक ने भरा नामांकन

**भाजपा पर तीखा हमला कर कहा : यह चुनाव तानाशाही के खिलाफ है**

**नवभारत न्यूज**
**ग्वलियर, 16 अप्रैल।** लोकसभा से कांग्रेस प्रत्याशी प्रवीण पाठक ने अपना नामांकन मगंलवार को दाखिल किया। नामांकन दाखिल करने पहुंचे कांग्रेस प्रत्याशी के साथ राज्यसभा सदस्य अशोक सिंह, विधायक साहब सिंह गुर्जर, शहर जिलाध्यक्ष शहर देवेंद्र शर्मा, डबरा विधायक सुरेश राजे, पूर्व प्रदेश महासचिव सुनील शर्मा मौजूद थे।



नामांकन भरने के बाद के बाद कांग्रेस प्रत्याशी प्रवीण पाठक ने भाजपा पर तीखा हमला करते हुये कहा कि यह चुनाव तानाशाही के खिलाफ है और लोकतंत्र को बचाने के लिए है। आम लोगों के अधिकारों को बचाने व लोगों की स्वतंत्रता के हनन को बचाने का चुनाव है। उन्होंने कहा कि मेरे अकेले का इतना साहस नहीं है कि मैं अकेले इन तानाशाहों का मुकाबला कर पाऊं, उनके पास तो पूरा तंत्र है बड़े-बड़े मंत्री हैं, ईडी, सीबीआई है। रेल है जेल है सब इनके पास है, यह चुनाव ग्वालियर लोकसभा की जनता लड़ रही है। मैं तो केवल एक सांकेतिक मात्र हूं। कांग्रेस प्रत्याशी ने शायराना अंदाज में कांग्रेस छोड़कर भाजपा का दामन थामने वालों पर कहा कि यह जो लोग डर कर तुम्हारी शरण में आए हैं यह तुम्हें क्या जिंदा करेंगे जो मार कर आए हैं।

उल्लेखनीय है कि ग्वालियर संसदीय क्षेत्र में अब तक आधा दर्जन उम्मीदवारों द्वारा नाम निर्देशन पत्र दाखिल किए जा चुके हैं।

नामांकन के लिए अब दो दिन शेष बचे हैं। अभ्यर्थी अथवा उनके प्रस्तावक 18 व 19 अप्रैल को प्रात: 11 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक रिटर्निंग अधिकारी अथवा सहायक रिटर्निंग अधिकारी को नामांकन प्रस्तुत कर सकेगें। शासकीय अवकाश होने की वजह से 17 अप्रैल को नामांकन का सिलसिला बंद रहेगा।

# मुरैना-श्योपुर की जनता मेरे साथ चुनाव लड़ रही : नीटू

**मेला ग्राउण्ड मैदान में नामाकंन दाखिल करने के बाद आयोजित हुई सभा**

**नवभारत न्यूज**
**ग्वलियर, 16 अप्रैल।** मैंने कभी जीवन में सपने में नहीं सोचा था कि मेरे पिता इस तरह व्हील चेयर पर मेरे साथ मंच पर होंगे। आज आपके बीच मैं बहुत कुछ बोलना चाहता था लेकिन मुझे लगता है कि मैं अपने परिवार में बहुत मजबूत था मैं परिवार को ताकत देने का काम करता था, लेकिन आज मेरी मजबूत स्थिति सबसे कमजोर दिखाई दे रही है लेकिन आज आप सबका साथ मुझे ऊर्जा प्रदान कर रहा है। क्योंकि मैं आज अकेला चुनाव में नही हूँ। मुरैना-श्योपुर की जनता मेरे साथ चुनाव लड रही है। यह विचार आज मुरैना-श्योपुर लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी सत्यपाल सिंह सिकरवार 'नीटू' ने मुरैना मेला ग्राउण्ड मैदान में नामाकंन दाखिल करने के बाद आयोजित हुई सभा में जनसमुदाय को संबोधित करते हुये कहा। इस दौरान मंच पर बैठे पूर्व विधायक गजराज सिंह सिकरवार अपने आंसू नहीं रोक सके । पूरा वातावरण भावुक हो गया था ।





मुरैना ,श्योपुर से लोकसभा प्रत्याशी आज सुबह श्री नीटू सिकरवार ने आराध्य देव बगिया वाले हनुमान जी महाराज के दर्शन एवं आर्शीवाद प्राप्त किया। जिसके बाद मुरैना मेला ग्राउण्ड में हजारों कार्यकर्ताओं एवं आमजन की सभा आयोजित की गई। सभा के पहले सिकरवार ने जिला निर्वाचन अधिकारी मुरैना के समक्ष नामाकंन पत्र दाखिल किया। सभा में उप नेता प्रतिपक्ष हेमंत कटारे ने कहा कि नीटू भाई आपकी आंखो में जो आंसू है, उन्हे जनता पोछने के लिये तैयार खडी है। आज मुरैना-श्योपुर की पूरी जनता आपको आर्शीवाद देने के लिये तैयार खडी है। आज से कुछ दिन पहले भाजपा के नेता कहते थे कि कांग्रेस के पास मुरैना में कोई प्रत्याशी ही नही है, मुरैना में बुरी तरह भाजपा हारेगी। हमारे नीटू सिकरवार भाजपा को जड से उखाडने का काम करेंगे।

इस मौके पर नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा कि भाजपा किसका संरक्षण ये आप सब जानते है, कैलारस की शुगर फैक्ट्री कितने वर्षो से बंद पडी है। मुरैना की जनता चाहती है कि वह चालू हो। प्रदेश में अतिथि शिक्षक परेशान है क्योंकि 75 हजार अतिथि शिक्षकों को आदेश हो गये है कि 30 अप्रैल को आपको नौकरी छोडना है।

कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा कि भाजपा सरकार देश की जनता को महगांई के डंडे से मार रही है, ये बात आप सभी अच्छी तरह से जानते है। श्री जीतू ने भाजपा पर तीखा प्रहार करते हुये कहा कि दिल्ली में बैठी सरकार युवाओं के लिये नई योजना लेकर आई जिसका नाम रखा 'अग्निवीर' जिसमें युवाओं को धोखा दिया है ।'4 साल रोजगार फिर तू हो जा बेकार'। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 के चुनाव से पहले नरेन्द्र मोदी ने कहा था कि न खाउंगा और न खाने दूंगा। स्विट्जरलैंड के स्वीस बैंक से काला धन लेकर आउंगा और जनता को 15-15 लाख रूपयें मिलेंगे क्या किसी को 15 लाख रूपये मिले, लेकिन जब भारतीय रिर्जव बैंक की लिस्ट आई तो उसमें काला धन किसका था। कार्यक्रम में हजारों कांग्रेस जनों के साथ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, उप नेता प्रतिपक्ष हेमंत कटारे, पूर्व मंत्री एवं विधायक रामनिवास रावत, विधायक पकंज उपाध्याय, विधायक दिनेश गुर्जर, विधायक देवेन्द्र रामनारायण सखवार, विधायक डॉ. सतीश सिकरवार, विधायक बाबू जण्डेल सिंह, मुरैना महापौर श्रीमती शारदा सोलंकी, सभापति राजा दण्डोतिया, वरिष्ठ नेता बैजनाथ कुशवाह, वरिष्ठ नेता भगवान सिंह तोमर, प्रदेश अध्यक्ष युवा कांग्रेस मितेन्द्र दर्शन सिंह, पूर्व विधायक रविन्द्र सिंह तोमर, पूर्व विधायक कुणाल चौधरी, जिला अध्यक्ष दीपक शर्मा, ग्रामीण जिला कांग्रेस अध्यक्ष मधुराज सिंह तोमर, पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष मानवेन्द्र सिंह सिकरवार आदि कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता मौजूद रहे।

# ऊर्जा मंत्री ने बाइक पर किया चुनाव प्रचार

**नवभारत न्यूज**
**ग्वलियर, 16 अप्रैल।** ग्वालियर में भाजपा प्रत्याशी भारत सिंह कुशवाह के प्रचार में ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर का अलग अंदाज देखने को मिला। मंत्री प्रद्युमन तोमर ने हजीरा चौराहा से मुरार तक बाइक रैली निकाली। इस दौरान खुद ऊर्जा मंत्री बाइक पर सवार होकर बीजेपी प्रत्याशी का प्रचार करते हुए नजर आए।



इस बाइक रैली में हजारों की संख्या में लोग मौजूद रहे। रैली में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह के फोटो कटआउट हाथ में लेकर युवा अबकी बार 400 पर का नारा लगाते भी नजर आए। बाइक रैली को लेकर मंत्री तोमर ने कहा कि बाइक रैली में युवाओं में बड़ा जोश देखने को मिला, उसमें में भी शामिल हुआ। प्रद्युम्न सिंह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के प्रति लोगों में बहुत जोश नजर आ रहा है। देश में एक बार फिर कमल खिलने जा रहा है।

# डॉ . वीणा प्रधान ने भावी माताओं की समस्याओं को सुना

**ग्वालियर।** वरिष्ठ चिकित्सक एवं समाजसेवी डॉ. वीणा प्रधान द्वारा आज गड़ाबाई वार्ड 52 में शेरो वाली माता मंदिर के पास आंगनबाड़ी में नव दुर्गे मां की आराधना कर साक्षात मां समान भावी माताओ की समस्याओं को सुना और समाधान किया



उन्हें बताया कि गर्भअवस्था की शुरुआत से कैसे अपना ध्यान रखना है एवं आंगनवाड़ी में अपना पंजीकरण टीकाकरण और सरकार द्वारा दी गई सुविधा जिसमें आंगनबाड़ी से आयरन कैल्शियम की गोलियां प्राप्त कर उसका सेवन निरंतर करना है एवं आहार जो स्वस्थ पोषण हो समय-समय पर लेना जरूरी है। हर महीने अपनी जांच जिसमें हीमोग्लोबिन यूरिन की जांच ब्लड शुगर की जांच ब्लड प्रेशर की जांच एवं वजन लेने की सलाह दी। परेशानी होने पर अस्पताल जाना है। जच्चा बच्चा कार्ड की महत्वता और उसमे वर्णित सारी चीजों को ध्यान से पढ़ने को कहा।

# पति को शराब पीने से रोकने पर पेट में मारी कैंची

**नवभारत न्यूज**
**ग्वलियर, 16 अप्रैल।** डबरा की शिव कॉलोनी में एक पति ने अपनी पत्नी को इस बात पर कैंची मारकर घायल कर दिया क्योंकि उसने उसे शराब पीने से रोका था। महिला की आवाज सुनकर किराएदार दौड़े तो वह घायल मिली। इसके बाद उसे लेकर डबरा अस्पताल पहुंचे, जहां उसे इलाज किया गया।



डबरा की शिव कॉलोनी में रहने वाली महिला राखी सोनी का अपने पति अभिषेक सोनी से घर पर विवाद हो गया। विवाद का कारण पति का शराब पीना बताया जा रहा है। महिला का कहना है कि मैंने शराब पीने से रोका तो उन्होंने मेरी मारपीट की और कैंची मार दी। कैंची महिला के पेट में दो जगह लगी है। महिला के चीखने की आवाज सुनकर किराएदार और पति भी उसे लेकर डबरा सिविल अस्पताल पहुंचा। जहां उसे प्राथमिक उपचार दिया गया। घटना की जानकारी लगते ही पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और महिला के बयान दर्ज किए गए हैं। महिला को इलाज के लिए ग्वालियर भेजा गया है। पुलिस मामले में कार्रवाई की बात कह रही है।

### अमरनाथ यात्रा के लिए पंजीकरण प्रक्रिया शुरू, मनीग्राम बैस कैंप में लगेगा भंडारा

**ग्वालियर।** श्री बाबा बर्फानी हर हर महादेव सेवा समिति ग्वालियर का इस बार तीसरा विशाल भंडारा मनीग्राम बैस कैंप में लगेगा। अमरनाथ यात्रा के लिए अग्रिम पंजीकरण प्रक्रिया भी शुरू हो गई। देश के 4 बैंकों की 540 शाखाओं और श्री अमरनाथ श्राइन बोर्ड की वेबसाइट पर श्रद्धालु पंजीकरण करा सकेंगे। 13 वर्ष से कम और 70 वर्ष से अधिक आयु के किसी श्रद्धालु का पंजीकरण नहीं होगा।

# कूलर हटाने पर भाइयों में चलीं तलवारें, 6 घायल

**नवभारत न्यूज**
**ग्वलियर, 16 अप्रैल।** सगे भाइयों के बीच कूलर हटाने को लेकर शुरू हुआ विवाद कुछ ही देर में खूनी फसाद में बदल गया। भाइयों ने एक दूसरे पर तलवारों से ताबड़तोड़ हमले किए हैं। घर से लड़ते झगड़ते हुए परिवार के सदस्य सडक़ों पर आ गए। झगड़े में तीन भाई, मां-पिता व भाभी घायल हुए हैं।



घटना मंगलवार को न्यू इन्द्रा नगर हजीरा की है। झगड़े में छह लोग घायल हुए हैं। पुलिस ने सभी को इलाज के लिए सिविल हॉस्पिटल हजीरा में भर्ती कराया गया है। परिवार में भाइयों के बीच प्रॉपर्टी को लेकर पहले से ही विवाद चल रहा था। पुलिस ने क्रॉस मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। हजीरा थाना क्षेत्र के न्यू इन्द्रानगर निवासी रामेश्वर सिंह परमार का अपने छोटे भाई धर्मेन्द्र परमार और मझले भाई जितेंद्र से विवाद हो गया। असल में रामेश्वर अपनी पत्नी के साथ मकान के एक हिस्से में रहता है। जबकि धर्मेंद्र और जितेंद्र के साथ पिता प्रताप सिंह, मां मुन्नी बाई रहते हैं। मकान को लेकर इन तीनों भाइयों में अक्सर विवाद होता रहते थे। लेकिन मंगलवार को कमरे में रखे कूलर को हटाने के लिए कहने पर रामेश्वर और धर्मेन्द्र में विवाद हुआ। पहले तो दोनों में मुंहबाद हुआ, लेकिन बाद में यह विवाद इतना बढ़ गया कि लाठी-डंडे व तलवार निकल आई। रामेश्वर ने तलवार निकालकर भाइयों पर हमला कर दिया तो भाइयों ने भी उस पर तलवार से हमला कर दिया। बचाने आई भाभी, मां व पिता को भी नहीं छोड़ा। जो सामने आया उस पर ही हमला करते हुए पीटा।

झगड़े की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को हॉस्पिटल पहुंचाया है। कूलर हटाने को लेकर कहने पर हुए झगड़े में एक ही परिवार के छह लोग घायल हुए हैं। पुलिस ने दोनों पक्षों पर क्रॉस मामला दर्ज किया है।

इन भाइयों के बीच मकान के हिस्से को लेकर पुराना विवाद चल रहा है। कई बार इनमें पहले भी झगड़े हो चुके है। थाने में शिकायतें भी हुई, लेकिन विवाद थमा नहीं और मंगलवार को एक बार फिर इनमे झगड़ा हो गया।

घायल भाभी सरिता परमार का कहना है कि भाइयों के बीच मकान के हिस्से को लेकर पुराना विवाद चल रहा है। कई बार इनमें पहले भी झगड़े हो चुके है। थाने मे शिकायते भी हुईं थी।

# लोकतंत्र के महापर्व में शहरवासी बनें सहभागी

**मतदाता जागरूकता रैली निकालकर मतदान की दिलाई शपथ**

**नवभारत न्यूज**
**ग्वलियर, 16 अप्रैल।** लोकसभा निर्वाचन 2024 में शत प्रतिशत मतदान के लिए जिला प्रशासन, नगर निगम एवं अन्य विभागों द्वारा स्वीप के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन निरंतर किया जा रहा है।




नगर निगम ग्वालियर के विभिन्न विभागों एवं क्षेत्र अधिकारियों के निर्देशन में निरंतर चल रहीं स्वीप की गतिविधियों के माध्यम से आमजन को 7 मई 2024 को होने वाले मतदान के लिए जागरूक किया जा रहा है।

क्षेत्रीय अधिकारी पुनीत राजपूत के निर्देशन में जॉन क्रमांक 24 वार्ड क्रमांक 65 साई विहार कोलोनी में मतदाता जागरूकता रैली निकालकर मतदाताओं को जागरूक करने के लिए बहकावे में कभी न आना सोच समझ कर बटन दबाना, वोट हमारा है अधिकारी करें न इसको बेकार, सभी अपने मताधिकार का प्रयोग कर लोकतंत्र में सहभागी बनें आद नारों के साथ रैली निकाली गई तथा मतदान करने की शपथ दिलाई गई साथ ही पीले चावल देकर मतदान करने के लिए आमंत्रित किया गया। इसके साथ ही नोडल अधिकारी जनकल्याण श्रीमती पूर्वी अग्रवाल के निर्देशन में जनकल्याण विभाग एवं क्षेत्रीय कार्यालय क्रमांक 11 के कर्मचारियों द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान अंतर्गत सुरेश नगर में रैली निकाली गइ। साथ ही भारतीय विद्यापीठ कृष्णा विहार कॉलोनी तारागंज लश्कर का कमरा नं 1 एवं 2 मतदाताओं के साथ मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत मतदान करने की शपथ दिलाई गई। क्षेत्रीय अधिकारी श्री सतेन्द्र सिंह सोलंकी के निर्देशन में नया बाजार चौराहे से हुजरात चौराहे तक मतदाता जागरूकता रैली निकालकर मतदाताओं को शपथ दिलाई गई। जागरूकता रैली में क्षेत्रीय नागरिक एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व क्षेत्रीय कार्यालय का स्टाफ उपस्थित रहा। इसके साथ ही 15 ग्वालियर विधान सभा के बूथ क्रमांक 48 कांटे साहब का बाग में मतदाता जागरूकता रैली निकालकर मतादाताओं को शपथ दिलाई गई। मानव श्रृंखला बनाकर 7 मई को होने वाले मतदान के लिए अधिक से अधिक मतदान करने की अपील आमजन से की गई। ग्वालियर पूर्व विधानसभा के अंतर्गत ग्वालियर चिड़ियाघर में आने वाले सैलानियों को मतदान करने के लिए जागरूक किया गया। इसके साथ ही उनको मतदान करने की शपथ दिलाई गई।

### वायु प्रदूषण पर निबंध व पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित



ग्वालियर। भारत स्काउट एवं गाइड मध्य प्रदेश जिला संघ ग्वालियर द्वारा वायु प्रदूषण के रोकथाम व प्रचार प्रसार हेतु वायु प्रदूषण पर निबंध व पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें हेड क्वार्टर ओपन रोवर क्रू ग्वालियर के रोवर रेंजर सम्मिलित हुए एवं पर्यावरण बचाओ वृक्ष लगाओ एवं वायु प्रदूषण रोकथाम हेतु सार्वजनिक स्थलों पर रोवर रेंजर द्वारा वॉल पेंटिंग भी कराई गई। कार्यक्रम का आयोजन जिला शिक्षा अधिकारी अजय कटियार और जिला सचिव सुरेंद्र सिंह भदौरिया की मौजूदगी में हुआ। कार्यक्रम में प्रताप माहौर कार्यालय सहायक जिला संघ ग्वालियर, सुजीत कुमार जैन संभागीय कार्यालय ग्वालियर, नरेंद्र पीपल संभागीय मुख्यालय ग्वालियर, गगन शर्मा भी उपस्थित थे।


**प्रारूप ए**
**सार्वजनिक घोषणा**
(भारतीय दीवाला एवं शोधन अक्षमता बोर्ड (कॉर्पोरेट व्यक्तियों के लिए दीवाला समाधान प्रक्रिया) विनियमन 2016 के विनियमन 6 के तहत)

**स्टार लैमीपैक्स प्राइवेट लिमिटेड के ऋणदाताओं के ध्यानार्थ हेतु**

| प्रासंगिक विवरण | | |
|---|---|---|
| 1. | कॉर्पोरेट ऋणी का नाम | **स्टार लैमीपैक्स प्राइवेट लिमिटेड** |
| 2. | कॉर्पोरेट ऋणी के निगमन की तिथि | 31/07/2008 |
| 3. | वह प्राधिकरण जिसके अधीन कॉर्पोरेट ऋणी निगमित/ पंजीकृत है | आर ओ सी ग्वालियर |
| 4. | कॉर्पोरेट ऋणी की निगमित पहचान संख्या/ सीमित दायित्व पहचान संख्या | U25202MP2008PTC020993 |
| 5. | कॉर्पोरेट ऋणी के पंजीकरण कार्यालय एवं प्रधान कार्यालय (अगर हो तो) का पता | सी/ओ ओंकारलाल गुप्ता, चितेराओली मीट गली, लश्कर, ग्वालियर, मध्य प्रदेश, भारत, 474001 |
| 6. | कॉर्पोरेट ऋणी के संबंध में दिवालिया प्रक्रिया प्रारंभ होने की तिथि | 04/04/2024 (आदेश 15/04/2024 को प्राप्त हुआ) |
| 7. | दिवालिया समाधान प्रक्रिया समापन की अनुमानित तिथि | 12/10/2024 |
| 8. | अंतरिम रिजोल्यूशन प्रोफेशनल के रूप में कार्यरत इन्सोल्वेंसी प्रोफेशनल का नाम व पंजीकरण क्रमांक | निशांत अग्रवाल<br>रजि. सं. IBBI/IPA-001/IP-P-02100/ 2020-21/13283 |
| 9. | बोर्ड के समक्ष पंजीकृत अंतरिम रिजोल्यूशन प्रोफेशनल का पता व ई-मेल | पता: 405, अमर रेजीडेंसी, सर्वे नं. 1264/1/2, ईस्टर्न रिंग रोड, ग्राम खजराना, मयूर हॉस्पिटल के पास, इंदौर, मध्य प्रदेश, 452016 ईमेल: nishantagrawalca@gmail.com |
| 10. | अंतरिम रिजोल्यूशन प्रोफेशनल के पत्राचार हेतु पता व ई-मेल | पता: ए एस-2, पी प्लाज़ा, 345, अलोक नगर, मारूति नैक्सा सर्विस के विपरीत, ग्रीन वैली अपार्टमेंट्स के पास, कनाडिया रोड़, इंदौर, मध्य प्रदेश - 452016, ईमेल: ip.starlamipacks@gmail.com |
| 11. | दावे प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | 29/04/2024 |
| 12. | लेनदारों की श्रेणी, अगर हो अंतर्गत धारा 21 की उपधारा (6ए) के पद (ब) के अंतर्गत जिसे अंतरिम रिजोल्यूशन प्रोफेशनल द्वारा निर्धारित किया जाना है। | सीमित सूचना के अनुसार, आईबीसी, 2016 की धारा 21(6ए)(बी) के अंतर्गत लेनदारों की कोई श्रेणी नहीं |
| 13. | श्रेणीबद्ध लेनदारों के अधिकृत प्रतिनिधि के रूप में कार्य करने वाले इन्सोल्वेंसी प्रोफेशनल के नाम (प्रत्येक श्रेणी हेतु तीन नाम) | लागू नहीं |
| 14. | (ए) प्रासंगिक प्रारूप एवं<br>(बी) अधिकृत प्रतिनिधियों के विवरण हेतु संपर्क करें: | (ए) वेब लिंक: प्रासंगिक फॉर्म को यहां से डाउनलोड किया जा सकता है https://ibbi.gov.in/en/home/downloads<br>(बी) भौतिक पता: लागू नहीं |

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल, इंदौर के द्वारा 04/04/2024 को **स्टार लैमीपैक्स प्राइवेट लिमिटेड** को कॉर्पोरेट इन्सोल्वेंसी रिजोल्यूशन प्रक्रिया को प्रारंभ करने के आदेश प्रदान किए हैं। (आदेश 15/04/2024 को प्राप्त हुआ)

**स्टार लैमीपैक्स प्राइवेट लिमिटेड** के लेनदारों को आह्वान किया जाता है कि वह दिनांक 29/04/2024 (15/04/2024 से 14 दिन होने के नाते अर्थात आईआरपी द्वारा माननीय एनसीएलटी, इंदौर के उक्त आदेश की प्राप्ति की तारीख) अथवा उसके पूर्व अपने सबूत सहित दावे अंतरिम रिजोल्यूशन प्रोफेशनल के समक्ष उपरोक्त तालिका की कंडिका क्रमांक 10 में दर्शाये पते पर प्रस्तुत करें।

वित्तीय लेनदार अपने सबूत सहित दावे इलेक्ट्रॉनिक प्रक्रिया द्वारा ही प्रस्तुत करें। अन्य समस्त लेनदार अपने दावे व्यक्तिगत रूप से, अथवा डाक या इलेक्ट्रॉनिक प्रक्रिया द्वारा प्रस्तुत कर सकते हैं।

कंडिका क्रमांक 12 में प्रदत्त श्रेणीबद्ध लेनदार अपने अधिकृत प्रतिनिधि के चयन हेतु कंडिका क्रमांक 13 में प्रदत तीन इन्सोल्वेंसी प्रोफेशनल में अपनी पसंद दर्शाकर प्रारूप सी ए में दर्शाए - लागू नहीं।

**असत्य और भ्रमित दावे प्रस्तुत करने पर जुर्माना लगेगा।**
**दिनांक: 17/04/2024**
**स्थान: इंदौर**

**निशांत अग्रवाल**
**अंतरिम रिजोल्यूशन प्रोफेशनल**
**स्टार लैमीपैक्स प्राइवेट लिमिटेड**
रजि. सं. IBBI/IPA-001/IP-P-02100/ 2020-21/13283


# अपर आयुक्त ने पेयजल के संबंध में की समीक्षा बैठक

**नवभारत न्यूज**
**ग्वलियर, 16 अप्रैल।** अपर आयुक्त श्री विजय राज ने ग्वालियर पूर्व एवं ग्वालियर ग्रामीण विधानसभा की पेयजल समस्या के संबंध में समीक्षा बैठक कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में कार्यपालन यंत्री श्री संजीव गुप्ता, उपायुक्त एवं सहायक यंत्री श्री रजनीश गुप्ता, सहायक यंत्री श्री महेन्द्र अग्रवाल सहित सभी उपयंत्री उपस्थित रहे। अपर आयुक्त श्री विजय राज ने ग्वालियर पूर्व एवं ग्वालियर ग्रामीण विधानसभा की पेयजल को लेकर बैठक लेकर संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि पेयजल सप्लाई के समय क्षेत्र का निरीक्षण करें कहीं भी जल का अपव्यय न हो इसके साथ ही जहां भी लीकेज की समस्या हो उसे त्वरित संधारण किया जाए। इसके साथ ही आमजन को भी जल के अपव्यय का रोकने के लिए जागरूक करने के साथ ही जुर्माने की कार्यवाही भी करें।



# आवारा पशुओं को पकड़कर गौशाला भिजवाया

**नवभारत न्यूज**
**ग्वलियर, 16 अप्रैल।** नगर निगम के मदाखलत अमले द्वारा शहर के मुख्य मार्गो पर घूम कर यातायात को अवरोध करने वाले आवारा पशुओं को अभियान चलाकर पकड़ने की कार्यवाही की गई।

मदाखलत अधिकारी श्री शैलेंद्र चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर निगम ग्वालियर के अमले द्वारा निगम आयुक्त श्री हर्ष सिंह के निर्देशन में शहर के मुख्य मार्ग पर घूम कर यातायात को अवरोध करने वाले आवारा पशुओं का पकड़ने की कार्यवाही की गई। जिसमें थाटीपुर, मयूर मार्केट एवं मुरार सहित अन्य जगहों से 28 आवारा पशुओं को पकड़कर गौशाला भिजवाया गया।



### अग्र मिलन की 472वीं बैठक रविवार को

**ग्वालियर।** अग्र मिलन ग्रेटर ग्वालियर की 472वीं साप्ताहिक बैठक एवं मिनी परिचय सम्मेलन रविवार 21 अप्रैल को प्रात: 8.30 से 10 बजे तक सुनील अग्रवाल (चार्टर्ड अकाउंटेंट) के किला गेट ग्वालियर के पास गोल पाड़ा में मुंबई वालों की बिल्डिंग के बगल में स्थित मकान पर रखी गई है। डा. रामबाबू गोयल ने बैठक में आने वाले सभी अग्रबंधुओं से विवाह योग्य बच्चों के बायोडाटा लाने की अपील की है।

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिये मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा सिटी सेंटर, ग्वालियर से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि., सिटी सेंटर से मुद्रित. संपादक हरीश दुबे* समाचार संपादक- अनिल शर्मा फोन-0751-4086200, फैक्स- 2343200 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार डाक पंजीयन क्रमांक 507/2008/ग्वा. RNI Reg. No. 62237/95